दैनिक प्रातः कालीन हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

KNLS लाइव KYUN NA LIKHUN SACH हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश .
उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली
,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान
आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला
ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
बिना किसी सिक्यूरिटी के
KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में



वर्ष :- 02 अंक :- 335 मुरादाबाद, 06 April 2023 (Thursday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

# PM मोदी ने मिशन अमृत सरोवर की तारीफ की: बोले- अमृत काल संकल्पों में नई ऊर्जा का संचार कर रहा

ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार, पिछले 11 महीनों में मिशन के तहत लगभग 40,000 जल निकायों का विकास किया गया है। योजना के तहत लक्ष्य का लगभग 80 प्रतिशत प्राप्त किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिशन अमृत सरोवर के तहत पिछले 11 महीनों में करीब 40,000 जलाशयों को विकसित करने की उपलब्धि की बुधवार को सराहना की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस गति से इस दिशा में काम किया जा रहा है, वह नई ऊर्जा का संचार करता है। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार, पिछले 11 महीनों में मिशन के तहत लगभग 40,000 जल निकायों का विकास किया गया है। योजना के तहत लक्ष्य का लगभग 80 प्रतिशत प्राप्त किया गया है। जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने एक ट्वीट में कहा कि मिशन अमृत सरोवर अपने लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, 40,000 से अधिक अमृत सरोवर राष्ट्र को समर्पित किए जा चुके हैं। 15 अगस्त, 2023 तक 50,000 अमृत सरोवर बनाने का लक्ष्य है।




शेखावत के ट्वीट का जवाब देते हुए मोदी ने ट्विटर पर कहा, बहुत-बहुत बधाई! देश भर में जिस गति से अमृत सरोवर का निर्माण हो रहा है, वह अमृत काल के हमारे संकल्पों में नई ऊर्जा का संचार कर रहा है। मिशन का बड़ा उद्देश्य - प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल 24 अप्रैल को मिशन अमृत सरोवर की शुरूआत की थी। इसका उद्देश्य है कि देश के प्रत्येक जिले में 75 जल निकायों का विकास और कायाकल्प हो सके। योजना के तहत विकसित किए जाने वाले अमृत सरोवर की कुल संख्या लगभग 50,000 है, जिसे इस साल 15 अगस्त तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था।

# जयराम रमेश का भाजपा पर हमला, कहा- मोदी सरकार के एकाधिकारवादी मित्र देश में महंगाई का कारण



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया की मोदी सरकार द्वारा बनाई गई बढ़ती बाजार सांद्रता के कारण सभी क्षेत्रों में लाभ मार्जिन 2015 में 18 प्रतिशत से दोगुना होकर 2021 में 36 प्रतिशत हो गया है। कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि आर्थिक शक्ति के बढ़ते संकेद्रण के कारण लोगों के जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इसकी वजह एकाधिकार है, जो विभिन्न क्षेत्रों में कीमतों को बढ़ा रहा है।

## बढ़ा लाभ मार्जिन चिंता का विषय

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया की मोदी सरकार द्वारा बनाई गई बढ़ती बाजार सांद्रता के कारण सभी क्षेत्रों में लाभ मार्जिन 2015 में 18 प्रतिशत से दोगुना होकर 2021 में 36 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अर्थशास्त्री डॉक्टर विरल आचार्य के एक शोध पत्र ने कई क्षेत्रों में एकाधिकार के कारण उच्च लाभ मार्जिन के बारे में इस चिंता को प्रमाणित किया है।

## मोदी ने अपने दोस्तों की मदद की

कांग्रेस नेता ने पीएम पर हमला करते हुए कहा कि आरबीआई के पूर्व डिप्टी गवर्नर आचार्य के साक्ष्य से पता चलता है कि मोदी सरकार के कथित 卐एकाधिकारवादी卐 मित्र देश में मंहगाई का एक बड़ा कारण हैं। उन्होंने अडानी का भी जिक्र किया। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि अडानी के बड़े घोटाले से साफ हो गया है कि पीएम मोदी की सरकार ने अपने दोस्तों को केंद्रित एकाधिकार बनाने में मदद की है। इसका हमारे पास सबूत भी है कि ये एकाधिकार अपनी गलत शक्तियों का प्रयोग करके कीमतों को बढ़ा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि साल 2017 से 2019 तक भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर रहे वित्तीय अर्थशास्त्री आचार्य से हमें ये सबूत मिला है।

## भारत जोड़ों यात्रा का भी जिक्र

उन्होंने एक ट्वीट में कहा कि राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से देश में आर्थिक शक्ति की बढ़ती एकाग्रता और हमारे दैनिक जीवन पर इसके प्रभावों की ओर ध्यान आकर्षित किया है। अब अर्थशास्त्री डॉक्टर विरल आचार्य के शोध पत्र से भी साफ हो गया है। यह एक चिंता की बात है।

# सीएम योगी ने कहा, 2017 के पहले चयन आयोगों पर उठते थे सवाल, युवाओं को करना पड़ता था आंदोलन

सीएम योगी ने मिशन रोजगार के अंतर्गत उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग एवं उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने 13 से ज्यादा विभागों के चयनित हुए 795 अभ्यर्थियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के पहले चयन आयोगों पर सवाल उठते थे, युवाओं को आंदोलन करना पड़ता था। चयन प्रक्रिया के पारदर्शी न होने की वजह से युवाओं को धरना-प्रदर्शन और आत्महत्या के लिए विवश होना पड़ता था। भाई-भतीजावाद का बोलबाला था। पैसे का लेनदेन होता था। कुछ लोगों के घरों से सूची बन कर जाती थी, जो योग्य नहीं होते थे उनको आयोग का अध्यक्ष बनाया जाता था। उन्होंने कहा कि आपकी पीढ़ी सौभाग्यशाली है कि आपने अपनी नौकरी के लिए इस सरकार के समय आवेदन किया, जिसमें पूरी ईमानदारी के साथ चयन प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया है। किसी भी स्तर पर सिफारिश की आवश्यकता महसूस नहीं हुई।



## यूपी में कार्य करना गर्व की बात

सीएम योगी ने बुधवार को मिशन रोजगार के अंतर्गत उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग एवं उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने 13 से ज्यादा विभागों के चयनित हुए 795 अभ्यर्थियों को बधाई दी और कहा कि उत्तर प्रदेश में कार्य करना देश के किसी भी अधिकारी या कार्मिक के लिये गर्व की बात है। ये मान्यता है कि जिस अधिकारी या कार्मिक ने उत्तर प्रदेश के अंदर ईमानदारी से कार्य कर लिए वह देश और दुनिया के अंदर कहीं भी सफलता के नये झंडे गाड़ सकता है। यहां कार्य करने वाले कार्मिकों के बारे में यह धारणा इसलिए है क्योंकि यूपी देश की सबसे बड़ी आबादी का राज्य है। सीएम योगी ने कहा कि 25 करोड़ की आबादी के बीच में शासन की योजनाओं को पूरी पारदर्शी तरीके से सभी तक पहुंचना एक बड़ा दायित्व है। उन्होंने कहा कि प्रशासन और उससे जुड़े हुए कार्मिक शासन और जनमानस के मध्य की महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। जितनी तत्परता और ईमानदारी के साथ यह सेतु का कार्य करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता है, शासन की छवि आम जनमानस के बीच उतनी ही अच्छी होती है। साथ ही शासकीय योजनाओं का लाभ आम जनमानस को उतनी ही तत्परता और पारदर्शी तरीके से मिलता हुआ दिखाई देता है। सीएम योगी ने कहा कि 2017 में मैंने कहा था कि यदि किसी ने युवाओं के जीवन के साथ खिलवाड़ किया तो उसको जेल के चक्कर काटने पड़ जाएंगे। उसे इस प्रकार की स्थिति में पहुंचाएंगे कि उसके परिवार का कोई भी व्यक्ति शासन की सेवाओं में आने का सपना नहीं देख पाएगा। आज सरकार की कार्यपद्धति ने यूपी की छवि पर लगे सभी प्रश्नों का उत्तर दे दिया है। सीएम योगी ने कहा कि विगत छह वर्ष के अंदर हमारी प्रशासनिक टीम ने शासन के साथ जनप्रतिनिधियों के साथ मिल कर के केंद्र और राज्य शासन की योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ आम जनमानस तक पहुंचाने का कार्य किया है और इसके परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। शासन और प्रशासन के कार्य से ही प्रदेश की धारणा बदलती है। जब आम जनमानस की धारणा बदली है तो देश और दुनिया में भी प्रदेश की छवि बदलने में समय नहीं लगता है।

## 32 हजार को मिल चुका है नियुक्ति पत्र

मिशन रोजगार के तहत योगी सरकार प्रदेश के युवाओं को सरकारी और निजी क्षेत्र में नौकरी से लगातार जोड़ रही है। सरकार पिछले छह वर्ष में साढ़े पांच लाख से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी दे चुकी है। वहीं योगी 2.0 से अब तक की बात की जाए तो निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से प्रदेश सरकार 32 हजार 436 अभ्यर्थियों को सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र वितरित कर चुकी है।

## बोले अभ्यर्थी- पारदर्शी तरीके से हुआ चयन

खाद्य एवं रसद विभाग में विपणन निरीक्षक के पद पर नियुक्त हुई बाराबंकी की नेहा वर्मा ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी होने की वजह से ही हम लोगों का चयन हो पाया है। यही वजह है कि बड़ी संख्या में महिला अभ्यर्थी भी चयनित हो पाई हैं। रविंद्र जायसवाल, उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात के राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) दिनेश प्रताप सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह मामला: कोर्ट का बड़ा फैसला, अमीन रिपोर्ट का आदेश स्थगित, मुस्लिम पक्ष ने की थी मांग



मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि और ईदगाह मामले में कोर्ट का बड़ा फैसला आया है। कोर्ट ने ईदगाह की 13 एकड़ जमीन का सर्वे करके अमीन रिपोर्ट तैयार करने का आदेश दिया था। इसे बुधवार को स्थगित कर दिया। उत्तर प्रदेश के मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि और ईदगाह मामले में बुधवार को कोर्ट का बड़ा फैसला आया है। कोर्ट ने अमीन रिपोर्ट तैयार करने के दिए गए अपने आदेश को स्थगित कर दिया है। अब मामले में 11 अप्रैल को फिर से सुनवाई होगी। बता दें कि ईदगाह पक्ष ने रिपोर्ट तैयार करने में रोक की मांग को लेकर प्रार्थना पत्र दिया था। ईदगाह का अमीन द्वारा निरीक्षण कर रिपोर्ट दिए जाने संबंधी अपने आदेश को सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट नीरज गोंड ने 11 अप्रैल तक स्थगित कर दिया है। अदालत द्वारा यह आदेश 29 मार्च को किया गया था। इसके बाद ईदगाह ओर सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड द्वारा लगातार इसे रोकने को प्रार्थना पत्र दिए जा रहे थे।

## 11 अप्रैल तक आदेश स्थगित


इसी कड़ी में मंगलवार को सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की ओर से अधिवक्ता जीपी निगम ने प्रार्थना पत्र दिया है। इस पर मंगलवार को आदेश रिजर्व कर लिया गया। बुधवार को फैसला सुनाते हुए इसे स्थगित कर दिया गया। सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन के अधिवक्ता जीपी निगम ने बताया कि अदालत ने उनके प्रार्थना पत्र पर इसे 11 अप्रैल तक स्थगित कर दिया है।

## सचिव ने भी की इसकी पुष्टि

वहीं ईदगाह के सचिव ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि अमीन रिपोर्ट किए जाने का अदालत का आदेश अभी अदालत ने स्थगित कर दिया है। पक्षकार के अधिवक्ता शैलेष दुबे ने बताया कि अमीन रिपोर्ट का आदेश अदालत ने स्थगित कर दिया है। अब इस संबंध में 11 अप्रैल को सुनवाई होगी।

# स्वामी प्रसाद पर मुकदमा दर्ज होने पर बोलीं मायावती, अनर्गल मुद्दों की राजनीति करना सपा का स्वभाव

यूपी के विकास व जनहित की बजाय जातिवादी द्वेष अनर्गल मुद्दों की राजनीति करना सपा का स्वभाव रहा है । उन्होंने कहा कि 1993 में कांशीराम ने सपा बसपा गठबंधन मिशनरी भावना के तहत बनाया था किंतु मुलायम सिंह यादव के गठबंधन का सीएम बनने के बावजूद उनकी नियत पाक साफ न होकर बसपा को बदनाम



करने की रही।सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य पर मुकदमा दर्ज होने के बाद मायावती ने ट्वीट के माध्यम से सपा पर निशाना साधा है। बसपा प्रमुख ने कहा कि सपा प्रमुख की मौजूदगी में मिले मुलायम कांशीराम हवा में उड़ गए जय श्री राम नारे को लेकर रामचरितमानस विवाद वाले सपा नेता पर मुकदमा होने की खबर आज प्रमुख है। वास्तव में यूपी के विकास व जनहित की बजाय जातिवादी द्वेष अनर्गल मुद्दों की राजनीति करना सपा का स्वभाव रहा है । 1993 में कांशीराम ने सपा बसपा गठबंधन मिशनरी भावना के तहत बनाया था, किंतु मुलायम सिंह यादव के गठबंधन का सीएम बनने के बावजूद उनकी नियत पाक साफ न होकर बसपा को बदनाम करने की रही। इसी के तहत उस दौरान अयोध्या श्री राम मंदिर व अपरकास्ट समाज आदि से संबंधित जिम्मेदारों को प्रचारित किया गया वह बसपा को बदनाम करने की सपा की साजिश थी। आज सपा की ऐसी हरकतों से ही खासकर दलितों अन्य पिछड़ों , मुस्लिम समाज को सावधान रहने की सख्त जरूरत है।

## संपादकीय Editorial

### 300 days left for corruption!

Prime Minister Modi has given a go-ahead to the CBI and the Enforcement Directorate (ED) that investigation and action against the corrupt should not stop. The ecosystem of corruption has to be finished in 300 days. Those against whom CBI cases are going on are very powerful people and will also work to tarnish the image of institutions, but we have to end corruption. Your focus should also be on your work. Corruption takes away the rights of the poor. Talents get sacrificed. Corruption breeds nepotism and familyism. Corruption is the biggest obstacle in the way of justice and democracy. Whether the action of corruption is against any big person, you have to carry it out. It is the will of the country against corruption and the law and the constitution are with you. You don't have to be afraid or hesitate. Powerful people have been in power for years and years and have also been part of the system, even today they may be in power in some states, so they have been part of this corrupt ecosystem. Now it is the responsibility of the CBI, as public confidence has increased in it. The investigative agencies have many achievements to their credit.

It is clear from this address and call of the Prime Minister that raids by CBI, ED etc. will increase, properties will be confiscated and it is possible that the Prime Minister has decided to contest the 2024 general elections on the main issue of corruption! Addressing the officers on the occasion of the 60th anniversary of the CBI, the Prime Minister has given this call, but it has been his intention to destroy corruption in totality. The reaction of the opposition is natural, because those who are accused of corruption or chargesheets have been filed in the court or the judges have even framed the charges or the politicians who are behind the bars, they will more or less contest the 2024 elections. Till then they will not be able to become 'free', so the Prime Minister will not be able to fight the elections aggressively against Modi and the BJP. Some cases are also possible that they may be punished for 2 years or more and they may be declared ineligible for election. Prime Minister does not consider corruption as a common crime and considers CBI as a 'brand' of truth and justice, therefore he is accepting more responsibility of the investigating agencies. Leaders of opposition parties like Congress, NCP, Trinamool, BRS, DMK, Shiv Sena (Uddhav faction) and AAP are in jail or out on bail in corruption cases. During the tenure of Prime Minister Modi, 124 leaders have been caught in the clutches of the CBI. Thousands of cases are also under consideration of the ED. Investigating agencies have attached assets worth Rs 1.10 lakh crore during 2014-22, as against Rs 5346 crore during 2004-14 under the Congress-led UPA government. There is a difference of many folds. It is clear that the investigating agencies have conducted more raids and seized more properties. Prime Minister Modi has revealed to the nation that around Rs 2.25 lakh crore has been saved from falling into wrong hands and the beneficiaries are getting direct benefits. Jan-Dhan accounts, Aadhaar and mobile have a huge contribution in this. This is also a comprehensive action against corruption. Despite the opposition continuing a well-planned campaign against the Modi government over the misuse of CBI, ED, the Prime Minister has given a 'green signal' to the investigating agencies that investigation and action should not go cold. The Prime Minister also placed before the country the figure that properties worth Rs 20,000 crore of some fugitive criminals have been legally confiscated. Now the important question is whether such a big step of the Prime Minister will end corruption to a great extent or will it remain as an election trump card? The next elections are going to be interesting.

# After MMS leak with boyfriend, another video of Akshara Singh went viral, sitting in the car, the actress made such a VIDEO

Bhojpuri queen Akshara Singh is one of those stars who has given many hit films in her career. Akshara is not only known for her strong acting but also for her singing. Not only Akshara's films, but her songs also become viral as soon as they are released. Akshara's objectionable video clip leaked - Actress Akshara Singh remains in the headlines for her professional life as well as her personal life. Recently, Akshara Singh has once again come in the limelight for MMS Viral. According to media reports, an objectionable video clip of 31-year-old Akshara has been leaked and is going viral on platforms like Telegram, Reddit. It is being claimed that in this video Akshara Singh is seen with her boyfriend. Due to this, she is constantly in the headlines. Another video went viral- After Akshara Singh's MMS went viral, another video of the actress is going viral on social media. Akshara has shared a video on her Instagram account. In this, she is seen making her own video sitting on the car. During this, he has carried a color full shirt. At the same time, his hair is open and he has put on glasses. Akshara's face expressions were worth watching in this video. This video of him is becoming increasingly viral on social media. The clarification of the actress has not yet come- Let us tell you that Akshara Singh is being trolled fiercely on social media regarding this MMS leak. However, till now no statement has come from Akshara regarding MMS. Akshara's MMS has already been leaked before this. In such a situation, this video of him is surprising the fans.



## Announcement about Allu Arjun's 'Pushpa 2', makers made this big disclosure by releasing the video

Actor Allu Arjun is in a lot of discussion these days about his upcoming film Pushpa 2. There is a lot of buzz about this film among the audience. Two years ago, Allu made a special place in the hearts of fans through the film Pushpa. Now everyone is eagerly waiting for Allu Arjun's most awaited film 'Pushpa 2'. Meanwhile, now a big update is coming out about 'Pushpa-The Rule'. Will the teaser be released on April 7- Actually, film makers have shared a video on Twitter about 'Pushpa 2'. Glimpses of Allu Arjun are being seen in this video. It is shown in this 20 second video that 'Pushpa' has escaped from Tirupati Jail. Where is he now, its address will be known on 7th April at 4 pm. It is written with the teaser, 'The search ends soon'. Allu Arjun and 'Pushpa The Rule' are trending on top on social media. After this video, the excitement among the fans about Pushpa 2 has increased even more. Entry of Bollywood actors - According to the reports, the director of this film is going to include some big names in the star cast of Pushpa 2. The names of Bollywood superstars are included in this list. The names of Salman Khanav and Ajay Devgan have come up in this list. However, no official announcement has been made by the makers of the film yet. 'Pushpa' created a stir - the film Pushpa broke all the records on screen. From the songs of this film to the action scenes and dialogues, everything was rocking. People keep repeating the dialogues of this film till date. If we talk about the budget of Pushpa, then the budget of the film was 200-250 crores. At the same time, the budget of Pushpa 2 is said to be more than 350 crores.



# Khushi came to actress Shamna's house, expressed her happiness by sharing her son's photo on social media

Actress Shamna Kasim has shared the information of the little guest who came home by sharing the post on social media with the fans. The photo after the birth of the son has also been shared by the actress. Happiness has knocked at the home of actress Shamna Kasim. The actress has given birth to a son. Shamna and her husband Shanid Asif Ali are overjoyed at the birth of their first child. Shamna has given birth to her son on April 4. The actress has shared this good news with her Instagram account, as well as shared the photo of her son. Shamna's husband Shanid Asif Ali is a Dubai based businessman and now both are very excited about this little guest. Shamna Kasim shared the photo of the little guest on social media and wrote in the caption, 'Birth of a son. Thank you for all your prayers and blessings. Apart from this, the actress has also shared some pictures of the hospital in which she is seen carrying her child in her arms along with the entire team of doctors. This is Shamna Kasim's first child after marriage. Recently, she had done a maternity photoshoot, whose video was also shared by her. Let us tell you that on 25 October 2022, Shamna Kasim married Shanid Asif Ali, a business consultant and founder-CEO of 'JBS Group'. A few months after the wedding, the couple had announced their pregnancy, since then their fans were waiting for the arrival of their baby. Shamna Kasim is a well-known actress in the South film industry, who was seen in the recently released Nani and Keerthy Suresh starrer Telugu film 'Dussehra'. He started his acting career in 2004 through 'Manju Poloru Penkutty'. After this he acted in many hit films including 'College Kumaran', 'Makaramanju', 'Chattakari', 'Madhura Raja'.



# ब्लॉक के चलते निरस्त रहेगी 12 जोड़ी ट्रेनें, 16 का बदला मार्ग



मुरादाबाद-मंडल के रोजा-मुरादाबाद रेल खंड के रसुईया स्टेशन पर आठ अप्रैल से 12 अप्रैल और बांथरा स्टेशन पर छह अप्रैल से 12 अप्रैल तक प्री इंटरलाकिंग व नान इंटरलाकिंग का कार्य किया जाएगा। जिसके लिए रेलवे प्रशासन ने ब्लॉक लिया है। सीनियर डीसीएम सुधीर सिंह ने बताया कि ब्लॉक के चलते 12 जोड़ी ट्रेनों को रद किया गया है और 16 ट्रेनों को बदले मार्ग से चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्य के चलते कुछ ट्रेनों के समय में भी संशोधन किया गया है। जिसमें ट्रेन संख्या-14009- 9 व 11 अप्रैल को बापू धाम मोतिहारी से 240 मिनट की देरी से चलेगी। ट्रेन संख्या 15623 भगत की कोठी 11 अप्रैल को बापूधाम मोतिहारी से 240 मिनट की देरी से चलेगी। ट्रेन संख्या 13152-जम्मूतवी-हावड़ा 9 व 11 अप्रैल को जम्मूतवी से 180 मिनट की देरी से चलेगी। बताया कि मालगाड़ियों का संचालन ब्लॉक के समय परिवर्तित मार्ग लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-गाजियाबाद से किया जाएगा।

# मुरादाबाद के पते से पासपोर्ट बनवाकर विदेश गए गैंगस्टर दीपक बॉक्सर के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

मुरादाबाद-मुरादाबाद, दिल्ली के बिल्डर अमित गुप्ता की हत्यारोपी व मैक्सिको से गिरफ्तार गैंगस्टर दीपक पहल उर्फ बॉक्सर के खिलाफ मुरादाबाद पुलिस ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। गैंगेस्टर पर आरोप है कि पुलिस को गुमराह करते हुए उसने मुरादाबाद के फर्जी पते व नाम से अपना पासपोर्ट बनवाया। छजलैट थाना प्रभारी की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। उधर एसएसपी हेमराज मीना ने उस सिपाही अजीत सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विभागीय जांच बैठा दी है, जिस पर गैंगेस्टर के फर्जी पते का सत्यापन करने का आरोप है। छजलैट थाना प्रभारी ने तहरीर देकर बताया कि दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल में तैनात उपनिरीक्षक विशाल तिवारी ने सूचना दी कि 19 दिसंबर 2022 को बरेली से जारी रवि अंतिल पुत्र मनोज का पासपोर्ट फर्जी



8/23, 10:37 PM https://org1.passportindia.gov.in/AppFOCCGMProject/pbo/SearchAllPassportDefaultAction.action
भारत गणराज्य REPUBLIC OF INDIA
EMIGRATION CHECK REQUIRED
Type: P | Country Code: IND | Passport No.: W5394983
Surname: ANTIL
Given Name(s): RAVI
Nationality: INDIAN | Sex: M | Date of Birth: 10/07/1993
Place of Birth: MORADABAD, UTTAR PRADESH
Place of Issue: BAREILLY
Date of Issue: 19/12/2022 | Date of Expiry: 18/12/2032
Name of Father/Legal Guardian: MANOJ ANTIL
Name of Mother: SAROJ DEVI
Name of Spouse:
Address: NATHTHA NAGLA, GOPALPUR URF KOKARPUR, MORADABAD, PIN:244504, UTTAR PRADESH, INDIA
Old Passport No with Date and Place of Issue
File No.: BL2067249325022
EESA
RAVI
DRILS Status : ---
Valid for Country : All
ENGLISH
View Previous/Subsequent Passports
Disclaimer : Only MEA authenticated version of the data can be used.

है। दिल्ली के दरोगा ने बताया कि देश के टाप टेन गैंगेस्टर में शुमार दीपक पहल उर्फ बाक्सर निवासी गली नंबर तीन, गाँधी नगर थाना गन्नौर जनपद सोनीपत ने छद्म नाम रवि अंतिल पुत्र मनोज का इस्तेमाल करते हुए उक्त पासपोर्ट हथिया लिया। इतना ही नहीं दिल्ली के बिल्डर अमित गुप्ता की हत्या होने के बाद उक्त पासपोर्ट का इस्तेमाल करते हुए कोलकता के रास्ते मैक्सिको भाग गया। दिल्ली के बिल्डर अमित कुमार की हत्या करने के संदेह में पुलिस ने जब दीपक पहल उर्फ बाक्सर की तलाश शुरू की, तब चौंकाने वाले तथ्य प्रकाश में आया। दिल्ली पुलिस ने विदेश जाने वाले यात्रियों की जानकारी जुटाई। 29 जनवरी 2023 को कोलकाता से मैक्सिको जाने वाले एक यात्री रवि अंतिल पुत्र मनोज अंतिल निवासी नत्था नगला गोपालपुर उर्फ कोकरपुर थाना छजलैट, मुरादाबाद का हुलिया बॉक्सर से मिलता-जुलता लगा। तब दिल्ली पुलिस ने कोलकाता एयरपोर्ट से मैक्सिको गए यात्रियों के पासपोर्ट की कॉपी लेकर जांच शुरू की। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल जांच के क्रम में मुरादाबाद पहुंची। छजलैट पुलिस की मदद से जांच करने पर पता चला कि रवि अंतिल नाम का कोई भी व्यक्ति गोपालपुर नंगला उर्फ कोकरपुर में नहीं रहता।

हालांकि इंटरपोल की मदद से दिल्ली पुलिस ने हत्यारोपी बॉक्सर को मैक्सिको से गिरफ्तार कर लिया है। इधर, पुलिस ने फर्जी पासपोर्ट के मामले में गैंगेस्टर दीपक पहल के खिलाफ साजिश के तहत धोखाधड़ी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि प्रथम दृष्टया जांच में वह सिपाही दोषी मिला है, जिसने गैंगेस्टर के फर्जी पते का सत्यापन किया था। आरोपी सिपाही को निलंबित करते हुए उसके खिलाफ विभागीय जांच बैठा दी गई है। पूरे घटना की नए सिरे से जांच हो रही है। यह पता लगाने की कोशिश हो रही है कि फर्जी पासपोर्ट बनवाने में और किन लोगों की भूमिका है। दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मुरादाबाद में तैनात सिपाही का शव मेरठ की नहर में मिला, कई दिन से था लापता



मुरादाबाद। मुरादाबाद में तैनात लापता सिपाही अरविंद कुमार का शव आठ दिन बाद मेरठ की भोला गंगनहर से बरामद हुआ है। उनकी कार छह दिन पहले नानू गंगनहर के पुल के पास मिली थी। आपको बता दें कि छपरौली निवासी राजपाल का बेटा अरविंद 2015 बैच का सिपाही था। उनकी तैनाती वर्तमान में मुरादाबाद पुलिस लाइंस में थी। सोमवार 27 मार्च को वह घर आए थे। अरविंद का पत्नी से विवाद था।

उसी दिन वह पत्नी को ससुराल से लाने की बात कहकर घर से कार में निकले थे। लापता होने पर स्वजन ने उनकी तलाश शुरू की। सुराग नहीं मिलने पर 29 मार्च को छपरौली थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सिंगल स्टेज व्यवस्था के अर्न्तगत खाद्यान्न डिलीवरी के सम्बन्ध में बैठक आहूत



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय पर सिंगल स्टेज व्यवस्था के अर्न्तगत खाद्यान्न डिलीवरी के सम्बन्ध में बैठक आहूत हुई। बैठक में ब्लाकवार परिवहन ठेकेदार की नियुक्ति एवं सिंगल स्टेज परिवहन व्यवस्था के अनुसार खाद्यान्न प्रेषण के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि कार्य को टाइम फ्रेम के साथ फॉलों करें और खाद्यान्न का समय से उठान हों। भारतीय खाद्य निगम में नियुक्त विपणन निरीक्षकों द्वारा रिजल्ट टाइम फीडिंग के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि फीडिंग पर गम्भीरता से ध्यान दें और फीडिंग को अनिवार्य रुप से समयान्तर्गत सुनिश्चित करवाया जाये। उन्होंने कहा कि मार्केटिंग और सप्लाई इंस्पेक्टर आपसी तालमेल के साथ कार्य करें और सूचनाओं का सुनियोजित ढंग से आदान प्रदान करते रहें, जिससे शासन के आदेशों का सही से क्रियान्वयन हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि खाद्यान्न के वितरण की तिथियों तथा वितरण तिथि विस्तार का प्रचार-प्रसार नियमित रुप से करवाया जाये।

बैठक में क्षेत्रीय विपणन अधिकारी अजय कुमार जैन, ए0आर0ओ0 रबि कुमार सिंह, ए0एम0ओ0 ठाकुरद्वारा नरेन्द्र कुमार सिंह, सहित सभी विपणन निरीक्षण एवं पूर्ति निरीक्षक एवं परिवहन ठेकेदार उपस्थित रहें।

# बेसिक शिक्षा समिति ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को किया सम्मानित




दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
बरेली -23 मार्च को राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने की खुशी में मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के संगठन बेसिक शिक्षा समिति उत्तर प्रदेश ने बी0 एस0 ए0 डाक्टर विनय कुमार का भव्य समारोह में अभिनन्दन किया। समारोह को संचालन करते हुए समिति के प्रदेशाध्यक्ष जगदीश चन्द्र सक्सेना ने कहा कि डाक्टर विनय ने राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर बरेली के साथ ही साथ माता किस्पटा पिता छोटे लाल, जन्मस्थली अयोध्या को वहां 1982 में जन्म लेकर, साकेत महाविद्यालय अयोध्या, राजस्थान विश्वविद्यालय व जौनपुर का नाम वहां से एम0 ए0 पी0 एच0 डी0 , बी एड करके शिक्षण संस्थानों को भी गौरवान्वित किया। श्री सक्सेना ने प्रशंसा में कहा कि सन् 1980 के बाद वे एकमात्र बी0 एस0 ए0 हैं ।जिन्होंने बरेली में लगातार तीन वर्ष से अधिक का कार्यकाल पूर्ण किया उनसे मिलकर ऐसा लगता है कि अधिकारी से नहीं भाई से मिल रहे हों। उन्होंने उदाहरण देकर कहा कि आर0 टी0 इ0 की शुल्क प्रतिपूर्ति के अन्तर्गत स्कूलों को हाल ही में एक करोड़ निन्यानबें लाख वितरित किए गए। यह धन वितरण पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया गया जिसके के लिए बी0 एस0 ए0 के साथ ही उनका कार्यकाल भी अभिनन्दनीय है।

मौजूद जनसमूह को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बी0 एस0 ए 0ने कहा कि वे समिति के अभिनन्दन से अभिभूत हैं। उनको पुरुस्कार अकेले नहीं मिला बल्कि परिषदीय स्कूलों व समिति के स्कूलों को भी मिला है जिनके शिक्षकों के सहयोग व परिश्रम से कोरोना काल में हुनर प्रतियोगिता में उन्नीस हजार बच्चों ने भाग लिया । उन्होंने ने कहा कि उनकी प्राथमिकता शासन की नीति के अनुसार कार्य करने की है, तथा लक्ष्य कोई शिक्षक व स्कूल संचालक व्यर्थ में? परेशान न हो।

समिति पदाधिकारियों में सुरेश कुमार यादव,डा क़दीर अहमद, अधिवक्ता अभय सिंह भटनागर, अभिषेक द्विवेदी, राकेश विक्रम सक्सेना, संजय पौल, रिंकेश सौरखिया, प्रदीप कुमार गुप्ता, कृष्ण कुमार शर्मा सहित प्रबंधकों अनिल गंगवार, वीरेंद्र कुमार शर्मा,आर के सक्सेना, अशोक सिद्धार्थ, राजेश सक्सेना ने बी0 एस0 ए0 को माल्यार्पण कर, शाल उढ़ा कर व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।

अमन कमेटी के मोहम्मद कासिम, पाकीज़ा खान, खुशनुमा खान,मोनू खान, शाहरुख खान ने भी मौजूद होकर बी एस ए को सम्मानित किया।

# जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने निकाली स्कूल चलो अभियान रैली



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
बरेली -रिठौरा। बुधवार को प्राथमिक विद्यालय कलारी से जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रधानाचार्या डॉक्टर शिखा अग्रवाल के नेतृत्व में स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली गई। ? रैली में अभिभावकों को परिषदीय विद्यालयों में नामांकन तथा शत-शत करवाने के लिए प्रेरित किया गया इस मौके पर रैली में ग्राम प्रधान नसरीन बेगम, विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्षा राजकुमारी सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला कृषि, विकास एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी आयोजन के संबंध में बैठक सम्पन्न



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला कृषि, विकास एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी आयोजन के संबंध में जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय पर बैठक आहूत हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित अधिकारियों को प्रदर्शनी के आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशानिर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रदर्शनी का आयोजन पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाये, उसमें किसी भी तरह की शिथिलता न बरती जाये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अलग-अलग कमेटी बनाकर क्रियाशील लोगों को जोडा जाये, जिससे आयोजन को सफल बनाने में मदद मिल सके।

उन्होंने कहा कि जनपद के ऑल इण्डिया सर्विस में कार्यरत लोगों को जोड़ने की भी कोशिश की जाये। बैठक में वी0सी0एम0डी0ए0 श्री शैलेश सिंह, ए0डी0एम0 सिटी श्री आलोक कुमार वर्मा, जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी, सहित अन्य विभागों के संबंधित अधिकारी मौजूद रहें।

# श्रद्धालुओं की शंकाओं का निवारण कर श्रद्धालुओं का मन उन्होंने जीता



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
बरेली -108 मुनि श्री अरह सागर जी का विहार बरेली से अहिक्षेत्र की ओर हो गया प्रतिदिन सांयकाल में शंका समाधान चला कर श्रद्धालुओं की शंकाओं का निवारण कर श्रद्धालुओं का मन उन्होंने जीता। मीडिया प्रभारी सौरभ जैन ने बताया बुधवार को शहर के गणमान्य लोगों ने महाराज श्री से आशीर्वाद लिया, उसके उपरांत प्रवचन में महाराज श्री ने अपनी मंगल वाणी से सर्वप्रथम बरेली वासियों को खूब आशीर्वाद दिया। उन्होंने आगे कहा कि भगवान महावीर के सिद्धांत व उपदेशों को हम एक दिन ही स्मृति ना करें बल्कि प्रतिदिन उसका अभ्यास करें। उन्होंने आगे कहा की आज भी देश विदेश के लोग अहिंसा का अर्थ हिंसा के विपरीत शब्द के रूप में मानते हैं, एक गाल पर थप्पड़ पर दूसरे गाल का उदाहरण सोचते हैं, जबकि अहिंसा का सीधा संबंध करुणा से है, करुणा का तात्पर्य है। जो हम अपने साथ व्यवहार चाहते हैं वैसे ही दूसरों के साथ करें,अहिंसा का विस्तृत अर्थ है, अपनी गलती स्वीकारना, अपने मन को प्रसन्न रखना, निस्वार्थ सहयोग, पसंद ना करने वाले को भी साथ लेकर चलना। उन्होंने आगे कहा की दुर्बल की मदद, शक्तिशाली के प्रभाव में नहीं आए तो आप अहिंसक हैं। उन्होंने अंत में कहा की मनुष्य विश्व शांति की तो बात करता है। किंतु तैयारियां युद्ध की कर रहा है तो शांति कहां से मिलेगी। मीडिया प्रभारी सौरभ जैन ने बताया कि आज प्रातः अहिक्षेत्र के श्रद्धालुओं ने महाराज श्री को श्रीफल भेंट कर उन्हें वहां आने का निवेदन किया । महाराज श्री को भक्तजन बरेली से 22 किलोमीटर रफियाबाद, अलीगंज आंवला रोड के एक स्कूल तक पैदल छोड़ने गए। रास्ते भर 卐जैन मुनि देख लो, त्याग करना सीख लो卐 और मुनि श्री के जयकारों से भक्तों ने वातावरण गुंजायमान कर दिया। रास्ते में रेलवे लाइन के निकट श्रद्धालुओं को महाराज श्री ने विश्राम करने का आदेश दिया। अंत में उनका आशीर्वाद ले, भरे मन सभी लौटे। विहार कराने व अन्य कार्यक्रम में, प्रकाश चंद जैन, भूपेंद्र जैन, राजेश जैन, संजय जैन, सतेंद्र जैन, दिनेश जैन, सुधीर जैन, अनिल जैन, आर.सी. जैन, सुभाष जैन, संदीप जैन, सुमन कुमार जैन, रूपाली जैन, नमन जैन, मिनेश जैन, त्रिशला जैन, सुनीता जैन, सुलेखा जैन, राशि जैन, शालनी जैन, संगीता जैन आदि ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा पूरे देश में शुरू किए गए कार्यक्रम के तहत कांग्रेस भवन घंटाघर चौक से डिवीजन नंबर-03 चौक तक पैदल निकाला गया

सत पाल सोनी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच




लुधियाना - 卐संविधान बचाओ मार्च卐 कार्यक्रम के तहत आज कांग्रेस भवन घंटाघर चौक से डिवीजन नंबर-03 चौक तक पैदल 卐सविधान बचाओ मार्च卐 निकाला गया।जिला कांग्रेस कमेटी शहरी लुधियाना अध्यक्ष संजय तलवाड़ द्वारा कांग्रेस पार्टी की हाईकमान के आदेश पर आयोजित की गई । इस पदयात्रा का नेतृत्व कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता हरीश चौधरी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और पंजाब प्रभारी, अमरिंदर सिंह राजा वाडिंग अध्यक्ष पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी, प्रताप सिंह बाजवा कांग्रेस पार्टी के विधायक दल के नेता, राकेश पांडे पूर्व मंत्री, सुरिंदर डावर पूर्व विधायक, कुलदीप वैद पूर्व विधायक, लखवीर सिंह लक्खा पूर्व विधायक, संदीप संधू विधानसभा क्षेत्र प्रभारी, कामिल सिंह बोपाराय विधान सभा क्षेत्र प्रभारी रायकोट, विधानसभा क्षेत्र प्रभारी ईश्वरजोत सिंह चीमा, विक्रम बाजवा विधान सभा क्षेत्र प्रभारी, मेजर सिंह मुल्लापुरी अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) लुधियाना, मनीषा कपूर अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी महिला (शहरी) लुधियाना, रिपु गिल अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी महिला (ग्रामीण) लुधियाना, शाम सुंदर मल्होत्रा वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, योगेश हांडा और अन्य वरिष्ठ नेतृत्व द्वारा किया गया।बराए, गुरदीप सिंह, हैप्पी सिंह, कमल बस्सी, प्रदीप तापियाल, रमन उबराए, टीटू नागपाल,विनोद भारती, गुरनाम सिंह कलेर, धर्मवीर गोयल, राजेश चोपड़ा, स्वर्ण सिंह, आकाश तिवारी, राहुल वर्मा, नीमित दीवान, मंगा शर्मा, गगनेश प्रभाकर, वी.के. अरोड़ा, कंवलजीत सिंह बॉबी, कपिल मेहता और सागर उप्पल के इलावा सैकड़ो की गिनती में कांग्रेस पार्टी के ओहदेदार और वर्कर शामिल थे।

# छात्र छात्राओं को साईबर क्राइम की जानकारी

अरविन्द कुमार यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



श्रावस्ती विकास क्षेत्र जमुनहा क्षेत्र के थाना हरदत्त नगर गिरंट के श्री कृष्णा आदर्श इ.का0 हरदत्त नगर गिरंट विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं को थानाध्यक्ष उमेश सिंह ने साइबर अपराधों के विषय मे जानकारी दी। थानाध्यक्ष उमेश सिंह बताया कि जैसे जैसे टेक्नोलॉजी बढ़ती जा रही है वैसे वैसे तकनीक का सहारा लेकर साइबर अपराधी लोगों को आनलाइन ठगी का शिकार बना रहें है। साइबर अपराधी पहले लोगों को फोन करते हैं और आवास, राशन कार्ड , आधार लिंक , पैन कार्ड लिंक, कैश बैक, आदि के नाम पर ओटीपी,पिन या मोबाइल फोन में कोई ऐप्स इंस्टाल करवा के यूपीआई का जरिये पैसा निकाल लेते हैं इससे आप लोग सावधान रहें और किसी प्रलोभन के चक्कर में पड़कर किसी को ओटीपी पिन न बताएं । और यदि किसी व्यक्ति के साथ ऐसे हो जाता है तो 24 घंटे के अंदर साइबर क्राइम हेल्पलाइन 155260 या 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज करवा दें । जबकि सभी छात्राओं को भी हर क्षेत्र में निर्भीक होकर अपनी शिक्षा को पूरा करते हुए पढ़ाई पर ध्यान देने की बात बताई।

अगर कोई परेशान करता है तो आप हेल्पलाइन नंबर 1090,1076,112 पर काल करके अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इस मौके पर उपनिरीक्षक राम सजीवन निषाद , उपनिरीक्षक राम प्रगट मिश्रा , प्रधानाचार्य सुनील कुमार यादव, आदि मौजूद रहे ।

# जिले के 3 क्षेत्राधिकारियों का किया स्थानांतरण




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- एटा एसएसपी उदयशंकर सिंह ने जिले में कानून व्यवस्था को कायम रखने के लिए जिले के 3 क्षेत्राधिकारियों का किया स्थानांतरण, क्षेत्राधिकारी अलीगंज विक्रांत द्विवेदी को बनाया एटा नगर का क्षेत्राधिकारी, और इन्हे ये अतिरिक्त प्रभार देते हुए क्षेत्राधिकारी लाइंस,नोडल अधिकारी वेलफेयर सेल, क्षेत्राधिकारी यातायात,सहायक नोडल अधिकारी न्यायालय सुरक्षा नामित किया, वही सुधांशु शेखर को क्षेत्राधिकारी एटा सदर से क्षेत्राधिकारी अलीगंज बनाया, और क्षेत्राधिकारी कार्यालय सुनील कुमार त्यागी को क्षेत्राधिकारी सदर बनाया गया और इन्हे क्षेत्राधिकारी आंकिक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

# अज्ञात कारणों से लगी आग घर का सारा सामान जलकर हुआ राख

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



श्रावस्ती- विकासखंड जमुनहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत भेला गांव के मजरा मुर्चहवा में भगोले पुत्र सियाराम व पवन कुमार पुत्र सियाराम के घर में अज्ञात कारणों से घर आग लग जाने से गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया पवन कुमार के घर में रखा नकदी 10000 नगदी व साइकिल तथा भगोले का 35000नगदी सोलर पैनल बैटरी जलकर राख हो गया ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल द्वारा आग से जले हुए नुकसान का आकलन कर मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया

# सीटी यूनिवर्सिटी ने नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट का आयोजन




सत पाल सोनी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

लुधियाना - सीटी यूनिवर्सिटी ने नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से भारत के जी-20 प्रेसीडेंसी को करने के लिए जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद का आयोजन किया। युवा संसद ने भारत की जी-20 अध्यक्षता और वाई-20 शिखर सम्मेलन पर चर्चा की। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। सत्र में 400 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष (ढ्ढङ्घरू) - 2023, उद्योग में रोजगार के अवसर, युवाओं की व्यस्तता आदि जैसे प्रासंगिक विषयों पर चर्चा की गई। इस मौके पर सीटी यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर मनबीर सिंह , छात्र कल्याण विभाग के उप निदेशक दविंदर सिंह; स्कूल ऑफ लॉ की प्रिंसीपल डॉ. सिमरन, करमजीत सिंह ग्रेवाल, गुरविंदर सिंह (मोटिवेशनल स्पीकरसहित समस्त फैकल्टी व विद्यार्थी उपस्थित थे।

# व्यापारी सम्मेलन का आयोजन सम्पन्न

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा-जैथरा - कस्वा जैथरा मे भी अपरान्ह दो बजे से शुरुआत करते करते शाम चार बजे सम्पन्न हुआ,जिसकी अध्यक्षता पूर्व चेयर मैन रतनप्रकाश गुप्ता ने की । व्यापारी सम्मेलन मे स्थानीय विधायक श्री सत्यपाल सिंह राठौर व विधायक श्री विपिन वर्मा डेविड ने संयुक्त रूप से मुख्य अतिथ के रूप में उपस्थित दर्ज की।व्यापारी सम्मेलन मे पहले वक्ता के रूप में भूपेंद्र सिंह को आमंत्रित किया,जिसमे उन्होंने अपने सम्बोधन मे कहा कि व्यापारी ही देश की समृद्धि में बड़ा योगदान करता है, व्यापारी हरेक जाति धर्म के होते हैं। इसी क्रम में अगले वक्ता के रूप में निवर्तमान नगर अध्यक्ष विजेंद्र सिंह चौहान ने अपने सम्बोधन मे कहा कि वैश्य वर्ग का आदिकाल से ही समाज निर्माण में काफी योगदान रहा है, मुगलकाल मे जब आताताई अकबर के खिलाफ जब महाराणा प्रताप ने हुंकार भरी तो इसी वैश्य वर्ग भामाशाह ने दिल खोलकर प्रताप का साथ दिया,उसी का नतीजा आज वैश्य वर्ग अपनी उचाई को छू रहा है। इसी सम्बोधन के क्रम में विधायक सत्यपाल सिंह राठौर ने कहा कि आज भाजपा शासन में माफिया थर थर काँप रहे हैं, या तो प्रदेश छोड़कर भाग गए याफिर जेल के अंदर सड़ रहे हैं, इतना साफ स्वच्छ शासन किसी भी सरकार ने नही दिया जो माफियाओ को काल बनकर टूटा हो,तभी तो व्यापारी बिना डरे व्यापार को उचाई दे रहा है।। इस प्रोग्राम में तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थिति थे,जिनमे प्रमुख रूप से प्रदीप गुप्ता अलीगंज,हरीश गुप्ता एटा,हुतेन्द्र सिंह जादोंन,रमेश चंद्र गुप्ता एटा,अशोक रतन शाक्य,दिनेश चंद्र गुप्ता अलीगंज,वीरेंद्र वार्ष्णेय एटा,शिवम दीक्षित जैथरा एवं नगर की जनता जनार्दन का अपार स्नेह मिला


# एटा युवा कांग्रेस ने जवाब दो मोदी जी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा-युवा कांग्रेस द्वारा एक प्रेस वार्ता आयोजित की गयी। इस प्रोग्राम में एक पोस्टकार्ड दर्शाया गया जिसे आगामी दिनों में युवा कांग्रेस अपने जिले के आमजनों से भरवाने का काम करेगी जिस माध्यम से मोदी जी से जवाब मांगेगी। प्रदेश महासचिव आनंद बघेल जी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार देश की जनता की आवाज को दबा रही है, राहुल गांधी जी की लोकसभा सदस्यता रद्द होने के बाद भी कांग्रेस की आवाज बन्द नहीं होगी। जिसमें मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव प्रभारी एटा आनंद बघेल जी, पूर्व जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस आशू यादव, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनीत पाराशर वाल्मीकि जी, पीसीसी सदस्य ठा. अनिल सोलंकी जी, पीसीसी सदस्य शत्रुघ्न सिंह चौहान, विकास गौतम पूर्व जिलाध्यक्ष एसएसटी प्रकोष्ठ,देवेंद्र प्रताप सिंह राजपूत, एडवोकेट, शहर उपाध्यक्ष भोले गुप्ता, प्रवेश राजपूत, संजय बघेल, दरवेश कुमार, मधुरकान्त कश्यप, संजीव गुप्ता, सुनील कुमार बघेल, हर्षवर्धन बौद्ध एडवोकेट, एडवोकेट सुभाष सागर (पूर्व सभासद) , जीतेन्द्र कुमार,दिनेश कुमार सहित समस्त कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# सामुदायिक शौचालय के केयरटेकर अब करेंगे स्कूलों की सफाई



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा - कलक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को गोवंश आश्रय स्थल, मनरेगा, पेंशन प्रकरण एवं स्वच्छता समिति समीक्षा बैठक हुई। बैठक में डीएम ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र सामुदायिक शौचालय के केयरटेकर से विद्यालय में साफ-सफाई कार्य कराने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में सामुदायिक शौचालयों की देखभाल को तैनात केयरटेकर से नजदीकी विद्यालयों में साफ सफाई कार्य कराया जाए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक से उपस्थिति प्रमाणित होने के बाद ही एसएचजी के केयरटेकर का मानदेय भुगतान किया जाए। माध्यमिक विद्यालयों की बाउंड्रीवाल निमार्ण कार्य का शुभारंभ एक साथ पांच अप्रैल को किया जाएगा। डीसी मनरेगा यह सुनिश्चित करें कि शासन के निर्देश के क्रम में मनरेगा जॉबकार्ड का सत्यापन कार्य अतिशीघ्र पूर्ण किया जाए। बैठक में सीडीओ डॉ. एके बाजपेयी, एडीएम प्रशासन आलोक कुमार, एएसपी धनंजय सिंह कुशवाह, सीवीओ एके सिंह, डीसी मनरेगा प्रभूदयाल, डीपीआरओ केके सिंह, सभी बीडीओ, अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे।

# लेंटर गिरा ,लेंटर के नीचे दो दबे ,हुए गंभीर घायल

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा- मारहरा हनुमानचौक स्थित मार्ग पर बन रहे मकान का लेंटर भरभराकर गिर गया,जिसमे राजमिस्त्री एवं मकान स्वामी लेंटर के नीचे दबने से गंभीर घायल हो गए,दोनों का उपचार कस्बा के ही निजी अस्पताल में चल रहा है। बतादें की कस्बा के हनुमानचौक स्थित मार्ग पर एक निर्माणधीन मकान पर लेंटर पड़ने का कार्य मशीन द्वारा चल रहा था।इस दौरान मिस्त्री समेत 10 से 12 लोग काम कर रहे थे। सुबह लगभग 9 बजे से लेंटर डालने के काम चल रहा था।लेटर गिरने के दौरान तीन लोग ऊपर थे जिसमें मकान स्वामी समेत एक मिस्त्री एक मजदूर था।काम चलते में ही अचानक लेंटर गिरने से मारहरा क्षेत्र ग्राम सराय जरेलिया मकान स्वामी नरेश,ग्राम बुढ़र्रा निवासी मिस्त्री देवी सिंह लेंटर के साथ ने गिर गए।आनन-फानन में आस-पड़ोस के लोगों की मदद से दोनों को मलबे से बाहर निकाला एवं निजी अस्पताल ले जाया गया जहाँ दोनों का उपचार चल रहा है।लेंटर गिरने का कारण ठीक से सपोट न मिलना बताया जा रहा है।

# शिक्षा सामिग्री से लेकर स्कूली कपड़ों में मोटी कमीशनखोरी का खुला खेल चालू




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-माह अप्रैल के शुरुआती समय से शुरू हुये शिक्षा सत्र को लेकर बच्चे अभिवावक के साथ आमजन कितना परेशान हैं इसका आंकलन करना शायद असंभव ही होगा क्योंकि शिक्षा के नाम पर मोटी फीस बसूली, कॉपी किताबों, स्कूली कपड़ों में खुली कमीशन खोरी का खेल ही मुख्य कारण हैं, जिससे निजात पाने के आसार कम दिखाई दे रहे हैं, फिर भी इस बार की कमीशन खोरी किस कदर गुल खिलायेगी स्पष्ट नहीं कहा जा सकता । अब देखना यह हैं कि क्या इस बार भी शिक्षा माफिया और कमीशनखोर बुकसेलर अभिवावकों की जेब काट बच्चों का भविष्य चौपट करने में कामयाब होंगे या फिर सूबे के संत सीएम और सांसद पुत्र शिक्षा मंत्री शिक्षा माफियाओं और कमीशनखोरों पर शिकंजा कसने में कामयाब होते हैं ।बरहाल अगर समय से सख्त रुख नहीं अपनाया गया तो शासन प्रशासन की ये मौन संतुती शिक्षा के लिये कितनी घातक साबित होगी इसकी गवाही स्वतः आने वाला समय ही देगा

# एससीडी गवर्नमेंट कॉलेज लुधियाना के इनोवेशन इंस्टीट्यूशन काउंसिल ने किया एक आइडिया चैलेंज का आयोजन



सत पाल सोनी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

लुधियाना - एस सी डी सरकारी कॉलेज लुधियाना के इनोवेशन ने एक %आइडिया चैलेंज% कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ तनवीर लिखारी थे। इस प्रतियोगिता में, कई छात्रों ने प्रौद्योगिकी, विज्ञान, भोजन, चिकित्सा, सौंदर्य, डिजाइन, विपणन, अध्ययन, कला, वास्तुकला, गेमिंग, नवाचार और संगीत से संबंधित अपने नवीन विचार रखे। आईआईसी टीम के साथ संयोजक डॉ नीलम भारद्वाज ने मुख्य अतिथि डॉ तनवीर लिखारी का स्वागत किया। अपने संबोधन में डॉ. लिखारी ने कहा कि विचार नवाचार की कुंजी हैं।उनके बिना, क्रियान्वित करने के लिए बहुत कुछ नहीं है क्योंकि निष्पादन सीखने की कुंजी है और किसी भी प्रकार के सुधार के लिए नए विचार आवश्यक हैं। विभिन्न विभागों के छात्र अलग-अलग नवीन विचारों के साथ आए। चयनित विचार बरिंदरदीप सिंह, सुश्री हरनीत, धन्नू सिंह, मनप्रीत सिंह, सुश्री मीनू के साथ-साथ रोहित और रेहा के थे। आईआईसी के सदस्य वारिधि जैन, विनय, राघवी, नलिनी नैय्यर, आयुषी जैन और हरनीत कौर भी मौजूद थीं।